महत्त्वपूर्ण/आज ही

पत्रांक–स0नि0–जियो टैगिंग–परिसम्पत्तियां /2020–21/ 321 /वाणिज्य कर

प्रेषक,

कमिश्नर,
वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1– **एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,**
नोएडा जोन नोएडा।

2– **समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,**
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

3– **अपर निदेशक,**
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उ0प्र0, लखनऊ।

(सम्पत्ति अनुभाग) लखनऊ:: दिनांक::अक्टूबर 01 ,2020

विषय : प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों, योजनाओं एवं परियोजनाओं के नियोजन, क्रियान्वयन, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण को जियोग्राफिकल इंफॉर्मेशन सिस्टम (जी0आई0एस0) आधारित प्रणाली के माध्यम से किए जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया शासन के पत्र संख्या–रा0क0–4–656/11–2020 दिनांक 28.09.2020 से निर्देश दिये गये हैं कि जी0आई0एस0 डेटा/मेटाडेटा एवं सृजित परिसम्पत्तियों की जियो टैगिंग सम्बन्धी सूचना की सॉफ्ट कापी MS Excel एवं हिन्दी में Unicode में निदेशक, रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन सेन्टर, उ0प्र0, लखनऊ को आज ही उपलब्ध कराये जाने के निर्देश मा0 मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन ने अपने पत्र दिनांक 23.09.2020 द्वारा दिये गये हैं।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि **वाणिज्य कर विभाग की सृजित परिसम्पत्तियों की सूचना MS Excel एवं हिन्दी में Unicode में जियो टैगिंग की सूचना डेटा/मेटाडेटा संकलित कर प्रत्येक दशा में ई–मेल ctconshqlu-up@nic.in पर आज ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।**

प्रकरण महत्त्वपूर्ण है, सूचना आज ही प्रेषित की जानी है।

भवदीय,

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन), वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दि0 उक्त।

प्रतिलिपि :

1– ज्वाइंट कमिश्नर (स्था0अराज0/प्रभारी नजारत), वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि संबंधित नाजिर को समयबद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित कर दें।

2– ज्वाइन्ट कमिश्नर(आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय साइट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन), वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

E:\Aadarsh\2020-21\letter.docx